बाम भाग सोभति अनुकूला । आदिसक्ति छबिनिधि जगमूला ॥
आदिसक्ति जेहिं जग उपजाया । सोउ अवतरिहि मोरि यह माया ॥
।। मानस राधाष्टक । रामकथा 925 - बरसाना, वृंदावन । मोरारी बापू ।।

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 105 | इंदौर, शनिवार 21 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सड़क पर आ गई ... कांग्रेस की बगावत

## टिकट कटने से नाराज नेता-कार्यकर्ता छोड़ने लगे पार्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की दूसरी सूची आते ही कांग्रेस में बगावत सडक़ पर आ गई। टिकट कटने से नाराज नेताओं ने 20 से ज्यादा सीटों पर प्रदेशभर में प्रदर्शन किया और त्याग-पत्र दिए। टिकट कटने से नाराज सुमावली विधायक अजब सिंह कुशवाह बसपा में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस ने आमला विधानसभा सीट को छोडक़र 229 सीटों पर टिकट बांट दिए हैं। टिकट का क्राइटेरिया 5 सर्वे और 9 बिंदुओं पर उम्मीदवार का मूल्यांकन रहा, फिर भी पूर्व सीएम व पीसीसी चीफ कमलनाथ का बोलबाला रहा। नाथ के 130 समर्थकों को टिकट मिले। इनमें सज्जन वर्मा के 39 टिकट शामिल हैं।

वर्मा की ओर से 42 नाम दिए गए थे, जिनमें से 39 को टिकट मिले। दिग्विजय कोटे में 65 टिकट उनके समर्थकों को मिले। बाकी 34 सीटों पर सुरेश पचौरी, अजय सिंह, अरुण यादव और जीतू पटवारी के टिकट रहे।

सबसे दिलचस्प पहले से घोषित तीन सीटों पर प्रत्याशी बदलना रहा। इसमें पहली सूची में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति का टिकट कटना था। उन्हें दूसरी सूची में गोटेगांव से शेखर चौधरी का टिकट ड्राप पर टिकट दिया गया। प्रजापति की वापसी में दिग्विजय और विवेक तन्खा की भूमिका रही। दोनों ने कमलनाथ से चर्चा की और प्रजापति का टिकट हो पाया।

दिग्विजय और जयवर्धन के कपड़े फाडऩे वाले वीडियो के बाद कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी शिवपुरी से टिकट लेने के मामले में हट गए। केपी सिंह दिल्ली में कमलनाथ और दिग्विजय से मिले। जब केपी ने दिग्विजय के सामने ही रघुवंशी से पूछा कि शिवपुरी से चुनाव लडऩा है बताओ, मुझे बताते नहीं हो और भोपाल में शिकायत करते हो। रघुवंशी पीछे हट गए।



### कमलनाथ और दिग्विजय लगे डैमेज कंट्रोल में

कांग्रेस से जिन विधायकों के टिकट कटे हैं उनमें सुमावली से विधायक अजब सिंह कुशवाह का टिकट कटने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। बडऩगर से विधायक मुरली मोरवाल और मोहन ?सिंह पलदूना ने बाहरी को टिकट दिए जाने से मोर्चा खोल दिया है। हालाकि टिकट बांटने के बाद डैमेज कंट्रोल करने के लिए कमलनाथ और दिग्विजय सिंह सीधे असंतुष्टों से बात कर रहे हैं।

### कमलनाथ सरकार में मंत्री और ये विधायक रहे बेटिकट

कमलनाथ की 15 महीने की सरकार में मंत्री रहे इकलौते मंत्री वरिष्ठ विधायक आरिफ अकील का स्वास्थ्य कारणों की वजह से टिकट कटा है। उनकी सीट पर उनके बेटे आतिफ अकील को टिकट दिया गया है। कांग्रेस के जिन सिटिंग एमएलए के टिकट काटे गए है उनमें बडऩगर से मुरली मोरवाल, सुमावली से अजब सिंह कुशवाह, गोहद से मेवाराम जाटव, मुरैना से राकेश मावई, घोड़ाडोंगरी से ब्रह्मा भलावी और सेंधवा से ग्यारसीलाल रावत का टिकट काटा गया है।

केपी सिंह का टिकट शिवपुरी से हुआ है, वे पिछले 6 विधानसभा चुनावों से पिछोर से चुनाव जीतते आ रहे हैं। उनका टिकट कांग्रेस ने सोची समझी रणनीति के तहत शिवपुरी से भाजपा के संभावित प्रत्याशी की वजह से किया है। सिंह की सहमति से पिछोर से शैलेंद्र सिंह को टिकट दिया गया था, लेकिन इस टिकट को चार दिन बाद ही बदलना पड़ा।

इसकी बड़ी वजह शैलेंद्र की पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया से रिश्तेदारी रहा। दूसरी वजह, यहां से भाजपा ने प्रीतम लोधी को टिकट दिया है और इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटर लोधी है। इसलिए कांग्रेस को अरविंद लोधी को टिकट देना पड़ा।

पिछले चार महीने में 60 से ज्यादा भाजपा और अन्य दलों के बड़े नेताओं ने थामा कांग्रेस का का दामन पिछले चार महीने में 60 से ज्यादा भाजपा और अन्य दलों के नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा। इनमें से पार्टी ने भाजपा से आए बड़े नेताओ में दीपक जोशी, गिरजा शंकर शर्मा, समंदर पटेल, अभय मिश्रा, भंवर सिंह शेखावत, बैजनाथ यादव, नीरज शर्मा, बोध सिंह भगत, राव यादवेंद्र सिंह, जीवनलाल सिद्धार्थ को टिकट दिया है। अन्य बड़े नेताओं में चंद्रभूषण बुंदेला और विधायक वीरेंद्र रघुवंशी को टिकट नहीं मिल पाया।

### नकुलनाथ ने छिंदवाड़ा की टिकटें घोषित की

नकुलनाथ मप्र में कांग्रेस के इकलौते लोकसभा सांसद हैं, उन्होंने सबसे पहले छिंदवाड़ा में कहा था कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से ही चुनाव लड़ेंगे। इसके बाद नकुल ने परासिया से सोहनलाल बाल्मीकि, अमरवाड़ा से कमलेश प्रताप शाह, जुन्नारदेव से सुनील उइके और पांढुर्ना से नीलेश उइके को टिकट दिए जाने की घोषणा की। हालाकि ये पांचों सिटिंग एमएलए हैं।

### जयवर्द्धन सिंह की इन सीटों के टिकटों पर रही अहम भूमिका

जयवर्द्धन सिंह की बमोरी से ऋषि अग्रवाल, गुना से पंकज कनेरिया, कोलारस से बैजनाथ यादव पोहरी से कैलाश कुशवाह, मुंगावली से राव यादवेंद्र सिंह और पिछोर से अरविंद सिंह लोधी के टिकटों में अहम भूमिका रही।

### खुरई में रक्षा राजपूत को टिकट

खुरई से रक्षा राजपूत को टिकट मंत्री भूपेंद्र सिंह की घेराबंदी करने के लिए दिया गया है। राजपूत लंबे समय से यहां सक्रिय हैं। कांग्रेस के पांचों सर्वे में रक्षा का नाम पहले नंबर पर रहा। यहां कांग्रेस को भाजपा के लिए कड़ी चुनौती देने के लिए उम्मीदवार चाहिए था। रक्षा के कई राजनीतिक मुकदमे चल रहे हैं।

### सागर में 50 फीसदी महिला प्रत्याशी

यहां खास यह है कि मप्र में सागर इकलौता जिला है, जहां कांग्रेस की 50 फीसदी टिकट महिलाओं को दिए जाने की घोषणा के अनुसार टिकट दिए गए हैं। सागर जिले की आठ सीटों में सागर से निधि जैन, रहली से ज्योति पटेल और बीना से निर्मला सप्रे को टिकट दिया गया है।

## हैदराबाद के भक्त ने बाबा महाकाल को 10 लाख रुपए का हार दान किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। श्री महाकालेश्वर मंदिर में हैदराबाद के एक भक्त वेदुल सीताराम शर्मा ने करीब 10 लाख 62 हजार 500 रुपए का 151.600 ग्राम का सोने का हार दान किया है। दानदाता ने सोने का हार श्री महाकालेश्वर भगवान को अर्पित किया है। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में देशभर के भक्त नकदी,सोना,चांदी सहित अन्य सामान दान करते है। इसी क्रम में भगवान महाकाल के भक्त हैदराबाद निवासी सीताराम शर्मा अपने परिवार के साथ शुक्रवार को महाकाल मंदिर पहुंचे। यहाँ उन्होंने पूजा पाठ कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आर.पी.गहलोत को 10 लाख रुपए से अधिक का सोने का हार दान स्वरूप भेंट किया। यह जानकारी देते हुए प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर की सभी व्यवस्थाए दान के माध्यम से ही संचालित होती हैं।

## तेजी से आकार ले रहा नया मोरटक्का स्टेशन

### 92 करोड़ की लागत का स्टेशन मार्च 2024 तक होगा तैयार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। पुराने मोरटक्का रेल्वे स्टेशन और सनावद के बीच नया स्टेशन बन रहा है। मीटरगेज से ब्रॉड गेज में कन्वर्जन का काम खंडवा से सनावद तक पूर्ण हो चुका है। इस पर सीआरएस भी हो चुका है। वहीं सनावद से मोरटक्का तक का कार्य भी बहुत तेजी से चल रहा है। नए मोरटक्का रेलवे स्टेशन का कार्य भी तीव्र गति से जारी है। नया मोरटक्का रेल्वे स्टेशन पुराने मोरटक्का रेलवे स्टेशन से लगभग 1 किलोमीटर पहले पुरानी रेलवे क्रासिंग के पास सनावद की ओर बन रहा है। ये रेलवे स्टेशन सनावद स्टेशन से तीन किलोमीटर आगे और पुराने मोरटक्का रेल्वे स्टेशन से एक किलोमीटर पहले बन रहा है। यह मोरघड़ी ग्राम कहलाता है। जनमंच प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि शुक्रवार को निमाड़ मालवा रेल विकास समिति और जनमंच के चंद्रकुमार सांड, डा. राजेन्द्र पलोड, अभिषेक बाफना आदि ने मौके पर पहुंचकर उपस्थित इंजीनियरो से चर्चा की। चर्चा में उपस्थित इंजीनियर मधुकुमार और समीर ने बताया कि नया मोरटक्का (ओंकारेश्वर रोड) रेलवे स्टेशन 92 करोड़ की लागत से आकार ले रहा है। इस स्टेशन पर एक मेन लाइन और दो लूप लाइन रहेगी तथा दो प्लेटफार्म रहेंगे। यह रेलवे स्टेशन सनावद और बड़वाह की अपेक्षा ज्यादा महत्वपूर्ण होगा।

## उर्वरक की बोरी पर पीएम का फोटो, कलेक्टर से शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। मध्यप्रदेश में भारतीय जन उर्वरक परियोजना (डीएपी योजना) के अंतर्गत किसानों के लिए उर्वरक का एक रैक खंडवा पहुंचा। इस उर्वरक पर पीएम नरेन्द्र मोदी का फोटा अंकित है। खंडवा में आचार संहिता विधानसभा चुनाव की चल रही है। नेता प्रतिपक्ष मुल्लू राठौर ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायत की है। राठौर ने आरोप लगाया कि चुनाव व निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मध्यप्रदेश में भारतीय जन उर्वरक परियोजना (डीएपी योजना) के अंतर्गत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो का उपयोग किया गया है। इससे निर्वाचन प्रक्रिया को गंभीरता से उल्लंघित किया जाता है। इस मामले की गहराई से जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने का जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुरोध किया है।चुनावों में निष्पक्षता और आचार संहिता का पालन सुनिश्चित हो सके।

# दिग्विजय सिंह के फोन से भी कम नहीं हुआ असंतोष

## महू में कांग्रेसियों की बगावती रैली शनिवार को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस की विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी के बाद अब विरोध और असंतोष के स्वर इंदौर जिले की महू सीट से भी उभरते दिख रहे हैं। दो बार विधायक और पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके अंतरसिंह दरबार ने उम्मीदवारी का विरोध किया है। असंतोष थामने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का फोन भी फिलहाल असर करता नहीं दिख रहा है। शनिवार को महू में बगावती रैली का एलान कर दिया गया है।**

कांग्रेस ने महू क्षेत्र से रामकिशोर शुक्ला को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। शुक्ला भाजपा से कांग्रेस में आए हैं। प्रत्याशी घोषित होने के बाद शुक्ला से जुड़े कुछ वीडियो इंटरनेट मीडिया पर जारी हुए। दरबार के दरवाजे पर शुक्रवार को समर्थकों की भीड़ जुटी। दरबार ने अब क्षेत्र के सभी समर्थक कार्यकतार्ओं को एकजुट करने की घोषणा कर दी है।

### विरोध में भीड़ जुटाने में लगे दरबार

महू में शनिवार को ड्रीमलेंड चौराहे से सिटी तक रैली निकाली जाएगी। दरबार टिकट के विरोध में भीड़ जुटाने में लगे हैं। इस बीच दिग्विजय सिंह ने फोन कर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार दरबार से भविष्य के लिए कुछ वादे किए गए हैं। हालांकि, फिलहाल इन वादों का असर नजर नहीं आ रहा है। दरबार ने एलान कर दिया है कि उन्होंने अपने सभी विकल्प खुले रखे हैं। समर्थक जैसा कहेंगे, वैसा निर्णय वे लेंगे।

### फोन आया था

मेरे पास फोन आया था। रैली निकलेगी और ताकत भी दिखेगी। मुझे कुछ नहीं सोचना है, यह तो अब दिग्विजय सिंह और आलाकमान को सोचना है। जैसा समर्थक कहेंगे, मैं वैसा करूंगा।

**- अंतरसिंह दरबार, कांग्रेस नेता**

# अचानक सरकारी आयुर्वेद कॉलेज पहुंचे कमिश्नर

## डॉक्टरों-कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कमिश्नर मालसिंह भयडिया ने शुक्रवार को अचानक केसरबाग रोड स्थित सरकारी अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज व हॉस्पिटल का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रोस्टर चेक किया और ड्यूटी पर होने के बावजूद संबंधित यूनिट में अनुपस्थित रहे डॉक्टरों व कर्मचारियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मेस का भी निरीक्षण किया और भोजन की क्वालिटी तुरंत सुधारने को कहा। कमिश्नर ने हॉस्पिटल की ओपीडी, आईपीडी, ऑपरेशन थिएटर, पंचकर्म और फिजियोथेरेपी सेंटर को देखा। इसके साथ ही मरीजों से बात कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के लिए बनाए जा रहे भोजन को देखा और परखा। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने के को कहा। इसके साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने, अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निमार्णाधीन हॉस्पिटल की बिल्डिंग का निरीक्षण भी किया। इस दौरान निर्माण काम की गुणवत्ता को देखा और इसमें भी सुधार लाने व बेहतर रखरखाव करने को कहा। उधर, प्रभारी प्रिंसिपल एसके नायक ने बताया कि परिसर में दो कॉलेज और एक हॉस्पिटल है। इनमें डेढ़ सौ लोगों का स्टाफ है। इसमें शुक्रवार को बिना सूचना दिए या ड्यूटी पर होने के बावजूद यूनिट में नहीं रहे डॉक्टरों व कर्मचारियों की रिपोर्ट बनाकर दे दी गई है।

# दो वाहनों की आपसी टक्कर को आयशर से हुई दुर्घटना बताने की कोशिश, क्लेम प्रकरण निरस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दो पहिया वाहनों की आपसी टक्कर को आयशर वाहन से हुई दुर्घटना सिद्ध करने की परिवादी की कोशिश असफल हो गई। जिला न्यायालय ने मुआवजे के लिए प्रस्तुत तीन प्रकरणों को निरस्त कर दिया। ग्राम अमोदिया निवासी चंदर सिंह ने जिला न्यायालय में क्लेम प्रकरण प्रस्तुत किया था। इसमें कहा था कि एक सितंबर 2016 को वह पत्नी और बेटी के साथ दोपहिया वाहन से बिजलपुर जा रहा था। वरोदाफाटा के पास सामने से आए आयशर वाहन एमपी 09 जीजी 5337 ने उसके दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इससे चंदर सिंह, उसकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कोर्ट में बीमा कंपनी ने दिए ये तर्क

चंदरसिंह ने आयशर वाहन का बीमा करने वाली कंपनी के खिलाफ मुआवजे का प्रकरण प्रस्तुत किया। बीमा कंपनी की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट प्रदीप सिसौदिया ने न्यायालय को बताया कि एमवाय अस्पताल में बनी एमएलसी में स्पष्ट लिखा है कि तीनों घायल दो दोपहिया वाहनों की आपसी टक्कर में हुए थे। दुर्घटना के वक्त चंदर सिंह ने हेलमेट भी नहीं पहना था। दोपहिया वाहन पर सिर्फ दो लोग बैठ सकते हैं, लेकिन दुर्घटना के वक्त तीन लोग सवार थे। न्यायाधीश मुकेश नाथ ने बीमा कंपनी के तर्कों से सहमत होते हुए मुआवजा प्रकरण निरस्त कर दिए।

## जीतू जिराती का लेटर वायरल

# प्रदेश अध्यक्ष को लिखे पत्र में चुनाव लड़ने से इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बीजेपी नेता और बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक जीतू जिराती ने 10 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष को एक लेटर लिखा। इस लेटर में जीतू जिराती ने चुनाव लड़ने से मुक्त रहने का आग्रह किया। यह लेटर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

लेटर में जीतू जिराती ने वीडी शर्मा को लिखा है कि 'उज्जैन संभाग का प्रभारी होने के नाते मुझे संगठन द्वारा जो दायित्व दिया गया है उन 29 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी हेतु मैं विधानसभा चुनाव लड़ने से मुक्त रहकर ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी जिताने के लिए कार्य करूंगा'।?

जीतू जिराती 2008 में राऊ से विधायक रह चुके हैं। खाती समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले जिराती पहले राऊ से दावेदारी कर रहे थे, लेकिन बीजेपी ने यहां से मधु वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। जीतू जिराती अब महू और कालापीपल सीट से दावेदारी कर रहे हैं। जीतू जिराती के पत्र के बाद बीजेपी कार्यकर्ता और नेताओं का कहना है कि जिराती किसी भी सीट से अब चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। जबकि राजनीति विशेषज्ञों का कहना है कि वह इस लेटर के जरिए आलाकमान पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो जीतू जिराती बीजेपी आलाकमान पर बगावती होकर नहीं, बल्कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता बनकर दबाव बना रहे हैं। इसे जिराती की अलग तरह की प्रेशर पॉलिटिक्स कहा जा रहा है। बता दें कि पहली सूची जारी होने के बाद खाती समाज के प्रतिनिधि भाजपा नेताओं से भी मिले थे और समाज के किसी व्यक्ति को टिकट देने की मांग की थी। इसमें जिराती का नाम भी शामिल था।

## कटाक्ष




# दिल्ली से टिकट लेकर इंदौर पहुंचे पिंटू जोशी

## ◆ जश्न में शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा का मोबाइल गुमा प्रदेश सचिव राजेश चौकसे की जेबकटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी तय होने के बाद शुक्रवार शाम को इंदौर-3 के प्रत्याशी दिपक पिंटू जोशी दिल्ली से इंदौर पहुंचे। जोशी के इंदौर पहुंचने से पहले ही इंदौर एयरपोर्ट और राजवाड़ा पर बड़ी संख्या में जोशी के समर्थक मौजूद रहे और आतिशबाजी करते हुए नजर आए।**

पिंटू जोशी के जश्न में शामिल होने पहुंचे इंदौर नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा का मोबाइल गुम हो गया तो वहीं कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश चौकसे की जेब कतर गई। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि राजावाड़ा पर माल्यार्पण के बाद सुरजीत सिंह ने जब अपना मोबाइल



देखा तो जेब से गायब था। इंदौर संभागीय प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि नगर अध्यक्ष का मोबाइल गुम हुआ है या चोरी इसकी जानकारी ले रहे हैं। जानकारी मिलते ही आगे की कार्रवाई करेंगे। हमारे प्रदेश सचिव राजेश चौकसे की जेब कतरी गई है। बताया जा रहा है कि राजेश चौकसे की जेब से 6 हजार रूपए चोरी हुए हैं। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि राजेश चौकसे की जेब से 26 हजार रूपए चोरी हुए है।

शाम को लगभग 6.05 बजे कांग्रेस प्रत्याशी दीपक पिंटू जोशी पहुंचे थे। सबसे पहले इंदौर एयरपोर्ट पर समर्थकों ने स्वागत उनका किया था। इसके बाद पिंटू राजवाड़ा पर अहिल्या माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे। राजवाड़ा पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उनका स्वागत करते हुए नजर आए। मीडिया से बात करते हुए दीपक पिंटू जोशी ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का राहुल गांधी, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह का आभार और धन्यवाद देता हूं। 20 साल से सड़क पर कांग्रेस के लिए काम कर रहा था उसका फल कांग्रेस पार्टी ने मुझे दिया है। पार्टी के इस विश्वास पर खरा उतरुंगा और चुनाव जीतूंगा।

# मोबाइल लुटेरों ने कबूली वारदातें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विजय नगर में मीडिया कर्मी का मोबाइल लूटने वाले बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। आरोपियों को विजय नगर पुलिस के हवाले किया गया है। आरोपियों ने तीन और इलाकों में वारदात की थी। उनसे लूट के मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों पर पूर्व के भी अपराध हैं।**

क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक मेघदूत गार्डन के यहां नीरज कुमार पांडे के साथ बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में क्राइम ब्रांच को सीसीटीवी फुटेज मिले। इस आधार पर पुलिस लगातार आरोपियों की जानकारी निकाल रही थी। इधर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि आरोपी आशीष पुत्र सज्जन सिंह निवासी भागीरथपुरा, पंकज उर्फ गोलू पुत्र श्यामलाल का हुलिया फुटेज में नजर आ रहे आरोपियों से मिलता है। वही उनके पास इसी तरह की बाइक है। क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की उन्होंने लूट करना कबूल किया है। आरोपियों ने विजय नगर के अलावा तुकोगंज, बाणगंगा और एक अन्य थाना क्षेत्र में लूट की वारदात की है। क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों को विजय नगर पुलिस के सुपुर्द किया है। दोनों आरोपियों पर पहले के भी अपराध दर्ज हैं। विजय नगर पुलिस अपने नाम से जल्द मामले का खुलासा करेगी।





# पुतले तैयार, अब दहन के लिए इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **दशहरे पर दहन के लिए रावण के पुतले अभी से तैयार हो गए हैं। रामबाग दशहरा उत्सव समिति रामबाग द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामबाग 15 नम्बर स्कूल मैदान पर दिनांक 24अक्टूबर मगंलवार को रात्रि 9 बजे 101 फीट के विशाल रावण का दहन आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया जायेगा!**

आयोजक एवं अध्यक्ष सचिन गौड़ ने बताया आयोजन का यह 32 व वर्ष है रावण के साथ भव्य 300फीट लंका का दहन भी किया जायेगा! दहन के पहले भव्य शोभायात्रा भी निकाली जायेगी जिसमे राम-लक्ष्मण हनुमानजी शोभायात्रा की शान बढ़ायेंगे! रावण का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है !रावण मे इकोफ्रेण्डली मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है,रावण का वजन 5टन के आसपास है जिसे बड़ी मसक्कत के साथ खड़ा किया गया है !कार्य क्रम के संरक्षक 3 नम्बर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री आकाश विजय वर्गीय जी है !क्षैत्र के प्रबुद्ध समाज सेवी लोगो का इस अवसर पर स्वागत सम्मान किया जायेगा!

# आचार संहिता का उल्लंघन, तीन केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग थानों में तीन केस दर्ज किए हैं। एक प्रकरण तो बंदूक जमा नहीं करने का है। एरोड्रम थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रविराज सिंह बेस के अनुसार रामगोपाल निवासी अंबिकापुर कॉलोनी के खिलाफ धारा 188 के तहत केस दर्ज किया गया है। दरअसल आचार संहिता लगते ही ऐसे सभी शस्त्र धारक जिनके पास लाइसेंसी बंदूक हैं उन्हें अपने शस्त्र जमा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन रामगोपाल ने अब तक अपनी लाइसेंसी बंदूक जमा नहीं की, इसके बाद उस पर कार्रवाई की गई है। इधर विजयनगर पुलिस ने संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज किए हैं। पहला मामला आरोपी श्रीकांत पिता लक्ष्मी नारायण निवासी में मेघदूत नगर के खिलाफ दर्ज हुआ है। आरोप है कि मेघदूत गार्डन के पास बिजली के खंभे पर आरोपी ने पिज़्ज़ा बर्गर पास्ता को लेकर अपनी दुकान का होर्डिंग लगा रखा था, इसी तरह एक और प्रकरण आरोपी उर्विश पिता मनोज खत्री निवासी सुयश विहार के खिलाफ दर्ज किया गया है। आरोपी ने भी अपनी दुकान का बैनर बिजली के खंबे पर लगा रखा था। कल विजयनगर पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग की तो बैनर पोस्टर वहां पर मिले इसके बाद कार्रवाई की गई है।

# महिला की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **उधारी की बात को लेकर महिला की हत्या करने वाले हत्यारे को विशेष न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण में फरियादी पक्षद्रोही हो गया था बावजूद इसके अभियोजन की ओर से पेश अन्य गवाहों के बयानों को विश्वसनीय मानते हुए कोर्ट ने सजा सुनाई। कोर्ट ने मृतका के स्वजन को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से प्रतिकर राशि दिलाए जाने की अनुशंसा भी की है।**

वारदात 31 जुलाई 2018 को हुई थी। मृतका का नाम इंद्रा पति भंवरसिंह निवासी दुर्गा नगर है। हत्यारे कन्हैयालाल पुत्र रामप्रसाद निवासी ने वारदात वाले दिन उस पर चाकू से कई वार किए थे। घटना के दिन इंद्रा अपने घर के बाहर धूप में बैठी थी। हत्यारे का इंद्रा से पैसों का पुराना लेनदेन था। वारदात वाले दिन वह दुर्गा नगर पहुंचा और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद के बाद उसने चाकू से हमला कर दिया। इंद्रा को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 12 गवाहों के हुए थे बयान

एडीपीओ आरती भदौरिया ने प्रकरण में 12 गवाहों के बयान करवाए। प्रकरण में फरियादी पक्षद्रोही हो गया था। वह वारदात का प्रत्यक्षदर्शी था, लेकिन कोर्ट में उसने कहा कि उसके सामने कोई वारदात ही नहीं हुई। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत अन्य गवाहों के बयानों को विश्वसनीय मानते कोर्ट ने हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## दुकान चलाने के एवज में मांगे दो हजार रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस ने एक बदमाश उसके साथियों के खिलाफ अड़ीबाजी और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि एक कारोबारी से दुकान चलाने के एवज में महीने के 2000 मांगे थे। चंदननगर पुलिस के अनुसार फरियादी जुनैद खान निवासी गीता नगर की शिकायत पर आरोपी गोलू उर्फ समीर और उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जुनैद क्षेत्र में ही छोटा-मोटा कारोबार करता है। आरोपी उसके पास पहुंचे और कहा कि अगर उसे इलाके में दुकान चलाना है तो उन्हें हर महीने2000 का गुंडा टैक्स देना पड़ेगा। फरियादी ने इनकार किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है।

# प्राणघातक हमला करने वाले पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विजयनगर पुलिस ने प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को गिर तार कर लिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे।**

विजयनगर थाना प्रभारी रवींद्र गुर्जर ने बताया कि ध्रुव जादोन ने शिकायत में बताया था कि वह प्राइवेट नौकरी करता है? 19 अक्टूबर को अपने दोस्त आयुष से मिलने के लिए भूसामंडी गया था। इस दौरान उसका सामना रजत बुंदेला,मोन्टी, चिकना मिले, से हो गया पुराने विवाद के चलते उन्होंने उस पर चाकू से हमला कर दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। उसे उसके साथी ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। यंहा पुलिस ने फरियादी ध्रुव की शिकायत पर आरोपी रजत उर्फ वैभव पिता कल्याण सिंह बुंदेला निवासी चित्रा नगर और पीयूष उर्फ मोंटी गुर्जर निवासी सिंगापुर टाउन शिप के खिलाफ धारा &07 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की गिर तारी के लिए दबिश दी और दोनों आरोपी रजत और पीयूष को गिर तार कर लिया।

## अवैध शराब बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने मूसाखेड़ी के एक बदमाश को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। वह मोटरसाइकिल पर शराब की डिलीवरी देने जा रहा था। आजाद नगर पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम अजय पिता आसाराम परमार निवासी भील कॉलोनी मूसाखेड़ी है। कल उसे जेल तिराहा पावर हाउस के पास आजाद नगर से पकड़ा गया। वह पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार था उसके पास 63 लीटर देसी शराब मिली है जिसकी कीमत 22000 है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

## हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव 22 नवंबर को

◆ उसी दिन जारी होगा परिणाम

इंदौर। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 22 नवंबर 2023 को होंगे। शुक्रवार को हुई चुनाव समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज द्विवेदी ने बताया कि विस्तृत चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। 2 और 3 नवंबर को नामांकन पत्रों का वितरण होगा। 6 नवंबर तक नामांकन पत्र जमा कराए जा सकेंगे। 8 नवंबर तक नाम वापस लिया जा सकेगा। 9 नवंबर को शाम 5 बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। 22 नवंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसके एक घंटे बाद शुरू कर दी जाएगी। चुनाव समिति ने भले ही अब तक अधिकृत चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया था, लेकिन संभावित प्रत्याशियों ने इंटरनेट मीडिया और प्रत्यक्ष संपर्क कर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

## सड़क पर भटकती मिली महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिला सड़क पर घूमते हुए पुलिस टीम को मिली। मानसिक रूप से कमजोर महिला अपने परिवार के बारे में बता भी नहीं पा रही थी। पुलिस टीम ने आसपास के इलाके में घूम कर परिजनों को खोजा और उसे घर पहुंचाया। लसूडिया थाना क्षेत्र में करीब 40 वर्षीय महिला मिली जो घर का रास्ता भटक गई थी। सूचना प्राप्ति पर डायल 100 वाहन गाड़ी को मदद के लिए रवाना किया गया। स्टाफ ने घटना स्थल पर पहुंचकर बताया कि 40 वर्षीय महिला रास्ता भटक गई है। पीड़ित महिला को संरक्षण में लेकर एफआरवी वाहन से साथ लेकर जाकर आसपास के इलाके में पूछताछ की गई कुछ देर की मशक्कत के बाद में महिला का घर मिल गया। परिजनों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। घर से दूर जाकर रास्ता भटक गई। टीम ने जांच के बाद में महिला को उनके परिजनों को सौंप दिया है।

# एमपी में कांग्रेस ने क्यों बदले 3 उम्मीदवार? ज्योतिरादित्य सिंधिया फैक्टर भी आया सामने

## टिकट बंटवारे की इनसाइड स्टोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार देर रात अपनी दूसरी और आखिरी सूची जारी कर दी. दूसरी सूची के 88 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया गया जिनमें तीन ऐसी सीटें भी शामिल थीं जिन पर पहली लिस्ट के घोषित उम्मीदवार बदले गए. सवाल उठ रहे हैं कि इन तीनों सीटों पर उम्मीदवार क्यों बदले गए?**

कांग्रेस ने गोटेगांव सीट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति का टिकट काटने के बाद अपना फैसला पलटा. गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की सीट दतिया में भी कांग्रेस ने उम्मीदवार बदलते हुए राजेंद्र भारती को टिकट दिया है. इसी तरह पिछोर सीट से अरविंद सिंह लोधी को टिकट दिया गया है.

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने सर्वे के आधार पर टिकटों का एलान किया. 144 सीटों पर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने के बाद भी सर्वे कराए गए. इसमें तीन सीटों पर उम्मीदवार बदलने की जरूरत महसूस हुई.

1. बदली गई सीटों में सबसे प्रमुख रही गोटेगांव जहां से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति को फिर से मौका दिया गया जबकि पहली लिस्ट में इस सीट से शेखर चौधरी को टिकट दिया गया था. टिकट कटने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि दलित समाज से आने वाले वरिष्ठ नेता एनपी प्रजापति कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं. ऐसे में डैमेज कंट्रोल के लिए कांग्रेस ने अपना फैसला बदला.

2. दतिया सीट पर पिछली बार बेहद कम अंतर से चूक गए उम्मीदवार राजेंद्र भारती को एक और मौका देने का फैसला किया गया. कुछ महीनों पहले ही अवधेश नायक को कमलनाथ बीजेपी से कांग्रेस में लाए थे. हालांकि नायक की उम्मीदवारी के एलान के बाद कांग्रेस के सर्वे में पाया गया कि सहानुभूति भारती की तरफ है.

3. सबसे दिलचस्प बदलाव पिछोर सीट पर किया गया जहां जातीय समीकरण साधने के लिए राजपूत की जगह लोधी नेता को उतारा गया. दरअसल पिछोर सीट से छह बार के विधायक केपी सिंह को कांग्रेस ने इस बार शिवपुरी से टिकट दिया है. सूत्रों में मुताबिक कांग्रेस का अनुमान है कि शिवपुरी से बीजेपी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लड़ा सकती है. इसलिए कांग्रेस ने सिंधिया के सामने मजबूत नेता पहले ही उतार दिया है.

कांग्रेस ने पिछोर से केपी सिंह के करीबी शैलेंद्र सिंह को टिकट दिया लेकिन बाद में जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर उम्मीदवार बदल दिया. नए उम्मीदवार अरविंद सिंह लोधी भी केपी सिंह के करीबी हैं.

दिलचस्प बात यह है कि यदि शिवपुरी से सिंधिया नहीं उतरे तो फिर केपी सिंह अपनी पारंपरिक सीट पिछोर जा सकते हैं और ऐसे में शिवपुरी से वीरेंद्र रघुवंशी को टिकट मिल सकता है. बीते दिनों एक वायरल विडियो में कमलनाथ जिस नेता से दिग्विजय सिंह के कपड़े फाड़ने की सलाह देते नजर आए थे वो वीरेंद्र रघुवंशी ही हैं.

### एक सीट पर ऐलान क्यों नहीं?

वीरेंद्र रघुवंशी शिवपुरी जिले की ही कोलारस सीट से विधायक हैं लेकिन वो शिवपुरी सीट से टिकट की उम्मीद में बीजेपी छोड़ कांग्रेस आए हैं. पिछोर, कोलारस और शिवपुरी तीनों सीटें शिवपुरी जिले में आती है. कांग्रेस अब तक 229 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है. बैतूल जिले की आमला सीट विचाराधीन है क्योंकि वहां से पार्टी प्रशासनिक अधिकारी निशा बांगरे को उतारना चाहती है लेकिन अब तक बांगरे का इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है.

# न्यूयॉर्क में 90 लाख का पैकेज छोड़ इंजीनियर बना किसान

### टमाटर, शिमला मिर्च और मटर से हर साल 10 लाख की इनकम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर... उन्होंने न्यूयॉर्क में 90 लाख का पैकेज छोड़ खेती को चुना है। तीन साल पहले ढाई एकड़ में शुरूआत की थी। अब 10 एकड़ तक में सब्जी उगा रहे हैं। वो हर साल शिमला मिर्च, टमाटर और मटर से 10 लाख रुपए की कमाई कर रहे हैं। वो दूसरे किसानों को भी उन्नत खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका कहना है कि नौकरी जितना मुनाफा तो नहीं हो रहा, लेकिन खेती से संतुष्टि मिल रही है।

ललपुर गांव के युवा किसान चमन राय ने विदेश में लाखों का पैकेज छोड़कर खेती अपनाने की कहानी साझा की...

चमन ने बताया- साल 2010 में बी- टेक की पढ़ाई के बाद मेरा पुणे की मल्टी नेशनल कंपनी में कैंपस सिलेक्शन हो गया था। इसके बाद 2013 में मुझे लंदन की बड़ी कंपनी से ऑफर मिला। जहां लाखों में पैकेज था। 2 साल तक मैं लंदन में रहा। उसके बाद मैं दूसरी कंपनी में जॉब करने अमेरिका के न्यूयॉर्क चला गया।

यहां पैकेज करीब 90 लाख रुपए था। इस बीच, 2020 में कोरोना आया तो लोगों को अपनों से बिछड़ता देख मैं नौकरी छोड़कर गांव लौट आया। पिता कौड़ीलाल राय भी किसान हैं। वह डबल एमए हैं। उनका सपना था कि बेटा इंजीनियर बने और खूब पैसा कमाए। पिता के सपने को मैंने पूरा तो किया, लेकिन मेरा रुझान बचपन से ही खेती की रहा है। नौकरी से जब भी समय मिलता इंटरनेट के जरिए मैं किसानों द्वारा कि जा रही उन्नत खेती के बारे में जानकारी जुटाता था।

साल 2020 में कोरोना ने दस्तक दी। लोगों को तड़प-तड़पकर दम तोड़ते देखा, तो मन विचलित हो गया। गांव आकर देखा तो हालात बुरे थे। अपनों को खो चुके लोग शायद अब जिंदगी से हार चुके थे। उनका दर्द देखकर मुझे तकलीफ हो रही थी। मन में आया कि अब इन्हें फिर से खड़ा करना होगा। मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से। एक सवाल था, करूं कैसे, क्योंकि मैं तो सात समंदर पार रहता हूं। मैंने तय किया कि अब मैं नौकरी को छोड़कर अपने सपने को जीऊंगा। इसके जरिए ही मैं ग्रामीणों को भी फिर से खड़ा करूंगा। यहीं से खेती करने का ठान लिया। कुछ समय बाद रिजाइन कर गांव आ गया।

2020 में ढाई एकड़ पर ड्रिप इरिगेशन से टमाटर और शिमला मिर्च लगाकर खेती की शुरूआत की। गांव के लोगों से गोबर खरीदना शुरू किया। यह सब ग्रामीणों की मदद के लिए किया। पहले साल तो ज्यादा मुनाफा नहीं हुआ, लेकिन लागत निकल आई। साल 2022 में टमाटर और शिमला मिर्च पर 6 लाख रुपए खर्च किए। इसके बाद करीब 18 लाख की फसल बेची, जिसमें 10 लाख से ज्यादा प्रॉफिट हुआ। इस बार 10 एकड़ में सब्जी उगाई है। 6 एकड़ में शिमला मिर्च, मिर्च और टमाटर, जबकि 4 एकड़ में मटर की खेती की है। अब मुझे देखकर कई ग्रामीण परंपरागत खेती को छोड़कर सब्जी उगाकर मुनाफा कमा रहे हैं। खेती के जरिए लोगों की मदद कर सुकून मिल रहा है।

फसलों को बीमारियों से बचने के लिए गोबर खाद के साथ रासायनिक दवाओं का भी छिड़काव करता हूं। गोबर खाद के इस्तेमाल से मिट्टी में केंचुए की मात्रा तेजी से बढ़ती है, जो कि फसल के लिए फायदेमंद होती है। गोबर खाद में 50% नाइट्रोजन, 20% फास्फोरस और पोटेशियम पाया जाता है, जो कि फसलों के पोषण के लिए जरूरी है। खेत की फसलों के लिए कीटनाशक बिफेन्थिन, साइपरमेथ्रिन, साइहलोथ्रिन, पर्मेथ्रिन और एस्फेनवेलरेट दवा का इस्तेमाल करता हूं।

# प्रदेश में 93 विधायक के खिलाफ क्रिमिनल केस

### एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा, 46 को दोबारा टिकट; इनमें 32 कांग्रेस, 13 भाजपा के

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के 230 विधायकों में से 93 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं। खास बात ये है कि इनमें से 46 विधायकों को प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए टिकट भी मिल गया है। आपराधिक छवि वाले विधायकों में से कांग्रेस के 32, तो भाजपा के 13 विधायक शामिल हैं। इनमें पांच मंत्री भी हैं। रामबाई को बीएसपी से टिकट दिया गया है।**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और मध्यप्रदेश इलेक्शन वॉच ने रिपोर्ट जारी की है। 2018 में हुए विधानसभा चुनाव और उपचुनावों में कैंडिडेट्स की ओर से दिए गए शपथ पत्रों को इसका आधार बनाया है। रिपोर्ट में 230 विधायकों के वित्तीय, क्रिमिनल और अन्य जानकारियों का एनालिसिस किया गया है।

21 अक्टूबर से मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू होंगे। कांग्रेस ने पहली सूची में 144 प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इसमें 69 विधायक शामिल है। वहीं भाजपा ने चार सूची में 136 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। इनमें 57 विधायक हैं। चुनाव आयोग ने कैंडिडेट्स को आपराधिक केस की जानकारी देना अनिवार्य किया है।

### हत्या के प्रयास, दंगा, मारपीट समेत गंभीर केस

विपिन वानखेड़े, अजब सिंह कुशवाह, सुरेंद्र नवल सिंह, महेश परमार, रामचंद्र दांगी, सुखदेव पांसे, विक्रम सिंह विक्की, पीसी शर्मा, रामबाई सिंह, जजपाल सिंह, संदीप श्री प्रसाद जायसवाल, जालम सिंह, लखन घनघोरिया, कमल पटेल, कुणाल चौधरी, प्रद्युम्न सिंह तोमर, घनश्याम सिंह, बैजनाथ कुशवाह के नाम हैं।

इसी तरह प्रह्लाद लोधी, सुनीता पटेल, दिलीप गुर्जर, फुंदेलाल मार्को, मुरली मोरवाल, राम दांगोरे, पारस जैन, संजीव सिंह संजू, विनय सक्सेना, इंदर सिंह परमार, पांचीलाल मेड़ा, विजय राघवेंद्र सिंह, विक्रम सिंह नातीराजा, नर्मदा प्रसाद प्रजापति, राज्यवर्धन सिंह, प्रताप ग्रेवाल, आरिफ मसूद, डॉ. मोहन यादव, बाबूलाल जंडेल, उषा ठाकुर, महेंद्र सिंह सिसोदिया, ओपीएस भदौरिया, सुरेंद्र पटवा, संजय यादव, राकेश गिरी, सुनील उइके, बीरेंद्र रघुवंशी, सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू, आकाश विजयवर्गीय, सोहनलाल वाल्मीकि, कांतिलाल भूरिया और जयवर्धन सिंह के विरुद्ध भी क्रिमिनल केस हैं।

साथ ही, प्रदीप लारिया, शैलेंद्र जैन, प्रदीप कुमार पटेल, राजेंद्र शुक्ला, संजय पाठक, तरुण भनोत, गौरीशंकर बिसेन, ओम प्रकाश सकलेचा, रामेश्वर शर्मा, हरिशंकर खटीक, सुरेंद्र सिंह बघेल, हर्ष यादव, प्रणय प्रभात पांडेय, डॉ. अशोक मर्सकोले, रामखेलावन पटेल, कमलेश्वर पटेल, संजय शर्मा, हीरालाल अलावा, मेवाराम जाटव, सुरेश राजे के खिलाफ भी केस दर्ज हैं।

### आपराधिक छवि वाले इन विधायकों को दोबारा मौका

कांग्रेस के पांचीलाल मेड़ा और जीतू पटवारी को दोबारा टिकट दिया गया है। इनके खिलाफ भी केस दर्ज है।

सुखदेव पांसे, जीतू पटवारी, लखन घनघोरिया, कुणाल चौधरी, घनश्याम सिंह, बैजनाथ कुशवाह, दिलीप गुर्जर, फुंदेलाल मार्को, विनय सक्सेना, निलय डागा, तरुण भनोत, सुरेंद्र सिंह बघेल, विशाल पटेल, कमलेश्वर पटेल, अर्जुन काकोड़िया, संजय शर्मा, बाला बच्चन, पांचीलाल मेड़ा, विक्रम सिंह नाती राजा, विजय राघवेंद्र सिंह, प्रताप ग्रेवाल, आरिफ मसूद, संजय यादव, सिद्धार्थ कुशवाहा, विपिन वानखेड़े, प्रागीलाल जाटव, सुरेश राजे, गोपाल सिंह चौहान, जयवर्धन सिंह, हर्ष यादव, बाबूलाल जंडेल, महेश परमार।

### भाजपा: 8 विधायकों को भी टिकट

विक्रम सिंह विक्की, संदीप श्री जायसवाल, प्रदीप लारिया, शैलेंद्र जैन, प्रदीप पटेल, संजय पाठक, दिनेश राय, रामेश्वर शर्मा

### पार्टी भी बदल चुके हैं 24 विधायक

रिपोर्ट के मुताबिक 2018 के चुनाव के बाद 24 विधायकों ने पार्टी बदली है। 13 अक्टूबर 2023 की स्थिति में ऐसे 22 विधायकों के नाम अंबाह से कमलेश जाटव, अनूपपुर से बिसाहूलाल सिंह, अशोकनगर से जजपाल सिंह, बदनावर से राजवर्धन सिंह, बमोरी से महेंद्र सिंह सिसोदिया, भांडेर के रक्षा संतराम सिरोनिया, ग्वालियर से प्रद्युम्न सिंह तोमर, हाटपिपल्या से मनोज चौधरी, मेहगांव से ओपीएस भदौरिया, मुंगावली से बृजेन्द्र सिंह यादव शामिल हैं।

# प्रदेश में टेम्प्रेचर लुढ़का, पचमढ़ी सबसे ठंडा

### भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर में पारा 3 डिग्री गिरा; 24 घंटे में कई जगह पर बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के आगे बढ़ते ही मध्यप्रदेश में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। दिन-रात दोनों ही पारे में एवरेज 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है। पचमढ़ी सबसे ठंडा है, जबकि भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारे में लुढ़का है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अक्टूबर महीने में मौसम ऐसा ही रहेगा। नवंबर में तेज सर्दी की शुरूआत होगी।

पिछले 24 घंटे में मध्यप्रदेश के कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। सागर के देवरी और केसली, बैतूल के मुलताई, रायसेन के बाड़ी, बरेली, नर्मदापुरम शहर, हरदा शहर व जिले के रहटगांव, सिवनी शहर, छिंदवाड़ा के मोहखेड़ा, बालाघाट के किरनापुर एवं लांजी में हल्की बारिश हुई। सिवनी में 26 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली। सागर और बालाघाट में हवा की रफ्तार 24 किलोमीटर प्रतिघंटा रही।

कई शहरों में दिन के टेम्प्रेचर में 2 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली। रात की बात करें तो अधिकांश शहरों में पारा लुढ़का है। मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि अक्टूबर में प्रदेश में सुबह और शाम को गुलाबी ठंड रहेगी। नवंबर में ठंड का असर तेज हो जाएगा।

### ऐसा रहा मौसम का मिजाज

भोपाल में दिन का तापमान 32.8 डिग्री, इंदौर में 32.8 डिग्री, ग्वालियर में 32.9 डिग्री, जबलपुर में 31.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे ज्यादा तापमान रतलाम में 35 डिग्री सेल्सियस रहा। बता दें कि 12 अक्टूबर को सीधी में तापमान 38 डिग्री तक पहुंच चुका था। वहीं, ग्वालियर में पारा 37 डिग्री के पार ही रहा था। अब तापमान में गिरावट आ रही है।

New Delhi

## ISRO ने सफलतापूर्वक लॉन्च किया गगनयान मिशन का क्रू मॉडल, दूसरे प्रयास में मिली सफलता

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतयी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (ISRO) ने गगनयान मिशन के क्रू मॉडल को सफलतापूर्वक लॉन्च कर लिया है। अंतरिक्ष एजेंसी को दूसरे प्रयास में सफलता मिली है। आज सुबह करीब 8:30 बजे इसकी कोशिश की गई तो तकनीकी करणों से इसा टालना पड़ गया। हालांकि, 10 बजे के करीब फिर प्रयास किया गया। और इसबार इसरो को सफलता मिली। इसरो ने बताया कि फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा।





New Delhi

## यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर, पांच की मौत और तीन गंभीर

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर ग्रेटर नोएडा से आगरा की तरफ जाते समय शुक्रवार देर रात करीब एक बजे अज्ञात वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

बताया गया है कि, हादसे का शिकार होने वाला परिवार दिल्ली में रहता है। पीड़ित लोग झारखंड के रहने वाले हैं। कार सवार शनिवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली से झारखंड के लिए इको कार से जा रहे थे। जीरो पॉइंट से 25 किलोमीटर पर अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सभी आठ लोगों को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पांच लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तीन लोगों को हालत गंभीर बनी हुई है।

Uttarpradesh

## आईबी के बाद अब केरन में एलओसी पर युद्धविराम का उल्लंघन, पाकिस्तानी गोलीबारी में जवान घायल

**श्रीनगर, (एजेंसी)** अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अरनिया सेक्टर में सीजफायर का उल्लंघन करने के तीन दिन बाद अब पाकिस्तान ने एलओसी पर उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में सीमापार से गोलीबारी की है। स्नाइपर शॉट में सेना का एक जवान घायल हो गया है। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को केरन सेक्टर में एलओसी के करीब पाकिस्तान ने स्नाइपर शॉट से सेना के जवान को निशाना बनाया जिसमें वह घायल हो गया। यह घटना एलओसी पर चांदनी पोस्ट के पास घटी। घायल जवान को विशेष उपचार के लिए श्रीनगर स्थित सेना के 92 बेस अस्पताल में रेफर किया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।सूत्रों के अनुसार घायल सिपाही सेना की 5/11 जीआर के साथ तैनात है।

Bihar

## विवाहिता की हत्या कर 4 फीट के गड्ढे में दफनाई लाश, फिर घर में ताला डालकर फरार हुए ससुरालीजन

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना के गौरीचक थाना इलाके में दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या कर दी गई. आरोप है कि ससुराल वालों ने हत्या कर 4 फीट का गड्ढा कर लाश दफना दी. इसके बाद मौके से फरार हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव वालों की मदद से लाश निकाली और जांच-पड़ताल शुरू की.

जानकारी के अनुसार, पटना के गौरीचक थाना इलाके के महमदा गांव में यह घटना हुई है. यहां 21 वर्षीय आरती देवी के गायब होने की सूचना उसके ससुराल वालों ने 18 अक्टूबर की रात



मायके वालों को दी थी.

सूचना के बाद 19 अक्टूबर की सुबह आरती की मां परिजनों के साथ महमदा गांव पहुंचीं, लेकिन वहां बेटी की ससुराल का कोई भी सदस्य घर में नहीं था. घर में ताला पड़ा था. आरती की मां ने परिजनों के साथ आरती की काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल सका.

खेल

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को रौंदा वर्ल्ड कप में दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2023 के 18वें मुकाबले में पाकिस्तान को 62 रन से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है, जबकि पाकिस्तान की लगातार दूसरी हार है। बेंगलुरु के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के शतक की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 367 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम अब्दुल्ला शफीक और इमाम उल हक के बीच शतकीय साझेदारी के बावजूद 27 गेंद शेष रहते ये मैच हार गई। पाकिस्तान ने 45.3 ओवर में 305 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए इमाम उल हक ने सर्वाधिक 70 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जंपा ने चार विकेट और स्टॉयनिस ने दो विकेट चटकाए।




पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी रही। पहले विकेट के लिए अब्दुल्ला शफीक और इमाम उल हक के बीच पहले विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी हुई। इमाम ने 70 और शफीक ने 64 रन की पारी खेली। बाबर आजम 18 रन ही बना सके। इसके बाद पाकिस्तान ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए, जिसके कारण जरूरी रन रेट बढ़ता गया और आने वाले बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। बड़े लक्ष्य के दबाव में मोहम्मद रिजवान (46) और सऊद शकील (30) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सकें। पाकिस्तान ने अपने आखिरी 5 विकेट 36 रन के अंदर गंवाए।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के शतक की बदौलत 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 367 रन बनाए। वॉर्नर और मिचेल के बीच पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर ने 163 रन की धमाकेदार पारी खेली। पाकिस्तान के लिए शाहीन अफरीदी ने पांच विकेट लिए।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को सलामी बल्लेबाजों ने दमदार शुरुआत दिलाई। मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर के बीच पहले विकेट के लिए 259 रन की साझेदारी हुई है। मिचेल मार्श 108 गेंद में 121 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अगली ही गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। शाहीन अफरीदी ने एक ही ओवर में इन दोनों बल्लेबाजों को आउट किया। 39वें ओवर में उसामान ने स्मिथ को पवेलियन का रास्ता दिखाया। हारिस राउफ ने डेविड वॉर्नर को 163 रन पर पवेलियन भेजा। जॉश इंग्लिस 13 रन ही बना सके। मार्कस स्टॉयनिस ने 24 गेंद में 21 रन बनाए। लाबुशेन 8 रन ही बना सके। इसके बाद अंतिम ओवर में शाहीन ने मिचेल स्टार्क और हेजलवुड को पवेलियन भेजा।

सिनेमा

## थलपति विजय का दिखा दम, 'लियो' ने



साउथ के सुपरस्टार विजय की फिल्म लियो सिनेमाघरों में धूम मचा रही है. फिल्म ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर अपना दम दिखा दिया है. विजय स्टारर फिल्म ने पहले ही दिन वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का बिजनेस कर डाला है. ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयाबालन के मुताबिक, लियो ने वर्ल्डवाइड 115.90 करोड़ की ओपनिंग की.

लियो तमिल सिनेमा की तीसरी फिल्म है जिसने ओपनिंग डे 100 करोड़ के पार कलेक्शन किया. इससे पहले ये रिकॉर्ड रजनीकांत की कबाली (105.70 करोड़) और 2.0 (117.24 करोड़) के नाम था. विजय की मूवी ने पहले दिन तमिलनाडु में 27.63 करोड़ का कलेक्शन किया है. ट्रेड एक्सपर्ट रमेश बाला ने ट्वीट कर बताया कि लियो ने हिंदी में पहले दिन 2.75 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है. विजय की फिल्म के हिंदी वर्जन को नेशनल मल्टीप्लेक्स चेन्स में जगह नहीं मिली है. ऐसा मूवी का ओटीटी रिलीज के लिए 4 हफ्ते का गैप होना है. बस यही वजह है कि लियो हिंदी मार्केट में बड़ी रिलीज बनकर नहीं उभरेगी.

## संपादकीय

### जटिल नियम और शर्तें

हमारे सरकारी महकमों में नियम-कायदों की आड़ में किसी भी काम को बेवजह अटकाए रखना और फिर रिश्वत लेकर वह काम कर देना कोई छिपी बात नहीं है। ऐसे में जब कोई काम विदेश में रहने वाले किसी व्यक्ति का हो, तो सरकारी कर्मचारियों की लार टपकनी स्वाभाविक है। ऐसे लोग यह सोच कर पैसा खर्च करने में गुरेज नहीं करते कि अगर एक काम के लिए उन्हें कई बार आना-जाना पड़ा, तो कहीं अधिक पैसा खर्च हो जाएगा। दरअसल दत्तक अधिनियम यानी बच्चों को गोद लेने का कानून इस उद्देश्य से बनाया गया था कि निस्संतान दंपतियों को संतान सुख और उत्तराधिकारी पाने का हक तथा अनाथ हो गए बच्चों को इसके जरिए माता-पिता का प्यार दिलाया जा सके। मगर इस कानून का लाभ उठा पाना इतना आसान नहीं है, क्योंकि इसमें गोद लेने संबंधी नियम और शर्तें कुछ जटिल हैं। इन्हीं जटिलताओं के कारण विदेशी नागरिकों को भारत में बच्चा गोद लेते समय अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मगर जो दंपति सारे नियम और शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें भी अगर अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल नहीं हो पाता, तो उस पर एतराज स्वाभाविक है। ऐसी ही शिकायतों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई कि केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण यानी कारा की तरफ से कोई न कोई बाधा उपस्थित की जा रही है। लोगों को अनापत्ति प्रमाणपत्र के बजाय समर्थन पत्र दिए जा रहे हैं। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा है कि विदेशी नागरिकों को बच्चा गोद लेने संबंधी प्रक्रिया को जटिल नहीं बनाया जाना चाहिए। जिन देशों से गोद लेने संबंधी अंतरराष्ट्रीय समझौते हैं, उन देशों के नागरिकों को इस प्रक्रिया में अधिक नहीं उलझाया जाना चाहिए। अदालत ने यह निर्देश शिकायत के पक्ष में उपलब्ध कराए गए प्रमाणों के आधार पर दिया है। इस संबंध में कारा के उच्च अधिकारी को तलब भी किया है। अपील करने वालों की तरफ से कहा गया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए उन्हें काफी पैसा खर्च करना पड़ रहा है, उसके बावजूद उन्हें समर्थन पत्र ही दिया जा रहा है। दरअसल, बच्चों को गोद लेने संबंधी नियमों में संबंधित प्राधिकार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे उन्हीं लोगों को बच्चा गोद लेने की अनुमति प्रदान करे, जो वास्तव में उनकी उचित देखरेख कर सकें।

# राजा का उत्तराधिकारी कौन?

**राजा ने काफी सोच विचार करके राज्य के सभी होनहार बच्चों को दरबार में बुलाया और घोषणा करते हुए कहा, मैं आप सब में से किसी एक को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहता हूं। इसके लिए आप सबको एक परीक्षा दी जाएगी, जो इसमें पास होगा वही मेरा उत्तराधिकारी बनेगा।**

एक बार की बात है। तुगलकनगर राज्य में प्रताप सिंह नाम का एक राजा हुआ करता था। वह बहुत ईमानदार और साहसी था। उसे अपनी प्रजा से बहुत प्यार था। उसके राज्य में सभी लोग उससे खुशी से एक साथ रहते थे। राजा को एक बात हमेशा परेशान किया करती थी कि उसके जाने के बाद उसके राज्य को कौन संभालेगा, क्योंकि उसकी कोई औलाद नहीं थी। एक दिन राजा ने अपने राज्य से ही किसी युवक को अपना उत्तराधिकारी चुनने का फैसला किया। वह अपनी ही तरह किसी ईमानदार लड़के को सत्ता सौंपना चाहता था, जो प्रजा का ख्याल रखे।

राजा ने काफी सोच विचार करके राज्य के सभी होनहार बच्चों को दरबार में बुलाया और घोषणा करते हुए कहा, मैं आप सब में से किसी एक को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहता हूं। इसके लिए आप सबको एक परीक्षा दी जाएगी, जो इसमें पास होगा वही मेरा उत्तराधिकारी बनेगा। इसके बाद राजा ने वहां मौजूद सभी बच्चों को एक-एक बीज दिया और बोला कि घर जाकर इस बीज को गमले में लगाना है। 4 महीने बाद सभी अपने पौधे के साथ यहां पर फिर से एकत्रित होंगे। उस समय मैं आप में से किसी एक को अपना उत्तराधिकारी बनाऊंगा।

सभी बच्चे सोच रहे थे कि राजा अपना उत्तराधिकारी बनाने के लिए कोई कठिन परीक्षा लेने वाले हैं, लेकिन गमले में बीज बोने की बात सुनकर सभी इस परीक्षा को आसान समझकर खुशी-खुशी घर लौट गए। वक्त बीतने लगा, सभी बच्चों के गमले से बीज की उपज दिखने लगी थी, लेकिन क्षितिज नाम का एक बच्चा था, जिसके गमले से पौधे का नामोंनिशान नहीं था।

क्षितिज के साथ के दूसरे बच्चों के पौधे बड़े होने लगे थे, यह देखकर वह बहुत परेशान रहने लगा। वह मन ही मन यह सोचता रहता था कि सबके गमले में पौधे आ गए, लेकिन उसके गमले से पौधा क्यों नहीं आ रहा है। उसने सोचा कि हो सोकता है उसका पौधा उगने में अधिक समय ले, इसलिए उसने हार नहीं मानी और वह पूरी मेहनत और लगन के साथ गमले की ओर ज्यादा देखभाल करता।

धीरे-धीरे 4 महीने बीत गए, लेकिन क्षितिज के गमले से कोई पौधा नहीं आया। वहीं, ज्यादातर सभी बच्चों के गमले में पौधे निकल आए। कुछ बच्चों के पौधों में तो फूल और फल भी दिखने लगे। राजा के पास जाने का समय आ गया। क्षितिज ने सोचा कि वह राजा के पास जाएगा, तो उसका गमला देखकर सब उसका मजाक बनाएंगे। कोई उसकी बात पर विश्वास नहीं करेंगे कि वह हर दिन गमले में पानी देता था व उसकी देखभाल करता था।



क्षितिज की मां ने उसे समझाया और कहा कि नतीजा कुछ भी आया हो, लेकिन तुम्हें राजमहल उनका बीज लौटाने जाना चाहिए। जो होगा देखा जाएगा। मां के समझाने पर क्षितिज मान गया और खाली गमला लेकर राजमहल पहुंचा। वहां उसने देखा कि सभी के गमले में सुंदर-सुंदर पौधे दिखाई दे रहे थे और सभी बहुत खुश थे। उसका गमला देखकर सभी हंसने लगे और अपनी मेहनत का बखान करने लगे। वह चुपचाप आंखें नीचे किए शर्म से बैठ गया।

इतने में राजा आए और सभी के गमलों को ध्यान से देखने लगे। जब वह क्षितिज के गमले के पास पहुंचे तो उन्होंने पूछा- यह किसका गमला है?

क्षितिज- जी मेरा

राजा- तुम्हारा गमला खाली क्यों है?

क्षितिज- मैं रोजाना इसको पानी देता था। मैंने इसकी बहुत देखभाल की, लेकिन इसमें से पौधा नहीं निकला।

राजा- आओ मेरे साथ।

क्षितिज राजा द्वारा बुलाने पर डर गया, लेकिन उसे राजा की आज्ञा माननी ही थी। वह धीरे-धीरे राजा की तरफ आगे बढ़ा। राजा उसे सिंहासन के पास ले गए और बोले- तुम ही इस राज्य के असली उत्तराधिकारी हो। राजा के इस फैसले से वहां मौजूद हर कोई हैरान रह गया।

राजा ने कहा- मैंने जो बीज दिया था वह नकली था। उससे पौधा आ ही नहीं सकता था। आप सबने बीज बदल दिया, लेकिन क्षितिज ने ईमानदारी के साथ 4 महीने मेहनत की और अपनी असफला स्वीकार करते हुए मेरे सामने खाली गमला लाने का साहस दिखाया। क्षितिज में वो सारे गुण हैं, जो एक राजा में होने चाहिए। इसलिए इस राज्य का अगला उत्तराधिकारी मैं क्षितिज को बनाता हूं।

सभी युवकों का सिर शर्म से झुक गया। वे चुपचाप दरबार से बाहर निकल गये। इस तरह क्षितिज ने ईमानदारी की बदौलत राज्य का सिंहासन पा लिया।

#### कहानी से सीख

हमें किसी भी परिस्थिति में ईमानदारी नहीं छोड़नी चाहिए। इंसान को उसकी सच्चाई और ईमानदारी का फल जरूर मिलता है।

## स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

# बुद्ध, आम और बच्चा



बात उस समय की है जब महात्मा गौतम बुद्धा एक आम के बगीचे में विश्राम कर रहे थे। तभी वहां खेलते हुए बच्चों की एक टोली आ गयी। सभी बच्चे आम का बगीचा देख कर, आम तोड़ने के लिए वहीं रुक गये। बच्चों ने आम तोड़ने के लिए आम के पेड़ पर पत्थर मरना शुरू किया। देखते ही देखते जमीन पर आमों का ढेर लग गया।

इतने में एक बच्चे ने थोड़े ऊंचे आम को तोड़ने के लिए एक पत्थर ज्यादा तेज फेंका। वह पत्थर विश्राम कर रहे महात्मा जी को जा कर लगा और उनके माथे से खून आने लगा। सभी बच्चे यह देख कर बहुत डर गए। उन्हें लगा अब तो बुद्धा जी उनको बहुत डाटेंगे। तभी उनमे से एक बालक डरता हुआ महात्मा जी के पास गया और उनसे हाथ जोड़ते हुए बोला, हे महात्मा! हमसे बहुत बड़ी गलती हो गयी है। हमें क्षमा कर दीजिए। हमारी वजह से आपको यह पत्थर लग गया और आपके माथे से खून आ गया। इस बात को सुन कर, महात्मा बुद्धा ने बच्चों से कहा, मुझे इस बात का दुख नहीं है की मुझे पत्थर लगा। पर दुख इस बात का है की पेड़ को पत्थर मारने से पेड़ तुम्हे मीठे फल देता है। लेकिन मुझे पत्थर मारने से तुम्हे डर मिला। इस तरह अपनी बात पूरी कर के महात्मा जी आगे चल दिए। और बच्चे भी आम बटोर कर वापस अपने अपने घर चले गए।

#### कहानी से सीख

इस कहानी के माध्यम से महात्मा गौतम बुद्धा हमें बताना चाहते है कि, कोई अगर हमारे साथ बुरा व्यव्हार करता है, तब भी हमे उसके साथ अच्छा व्यव्हार ही करना चाहिए। जिस प्रकार पेड़ को पत्थर मारने पर भी वह बदले में मीठे फल ही देता है उसी प्रकार हमे भी सभी के साथ मधुर व्यव्हार रखना चाहिए।

## Highlights

1. 74-yr-old Pune man cheated of ₹30 lakh after 2 people arrange his meet with sex worker
2. Asia's first bloodless heart transplant successfully performed in Ahmedabad
3. Thief caught after months as he leaves broken teeth at crime scene in Mumbai
4. Student chants 'Jai Shri Ram' at UP college event, police orders probe as video goes viral
5. Indian govt making life difficult for millions of people: Canada PM Trudeau
6. Thousands hold pro-Palestine protest in Jaipur; video surfaces

# RBL Bank launches zero-balance GO Savings Account: How to open, and other details




**NEW DEIHI, (Agency).** RBL Bank has launched zero-balance GO Savings Account, which, it says, has easy-to-operate features, and an easy opening process.

In a statement, the Mumbai-based bank described its latest digital banking launch as a 'modern shift in the world banking,' adding that the GO Savings account presents a 'novel subscription-based model.'

We're now on WhatsApp. Click to join.

"The GO Savings Account bridges the gap between traditional and digital banking by offering a compelling value proposition for customers. With it, we aim to bring digital convenience to a larger customer segment," the statement quoted Deepak Gaddhyan, Head of Branch and Business Banking, RBL Bank, as saying.

Subscription model

Customers are required to pay only a one-time fee, after which all the benefits can be availed for free. These are bundled into a single package with a subscription charge of ₹1999 (plus taxes) for the first year, and, after that, an annual renewal fee of ₹599 (+taxes).

Account opening process

This can be done online, enabling people to open their GO Savings Accounts in minutes. For this, they must provide their Aadhaar and PAN details.

Benefits

You get to enjoy the following benefits, without the need to pay a single penny: premium debit card, CIBIL report, cyber insurance, accident and travel insurance, joining vouchers, international cash withdrawals, banking features, virtual debit card, higher interest rates (up to 7.5% per annum), and vouchers worth ₹1500 for premier brands.

# Paytm gets Q2 results boost from strong loan growth

**NEW DEIHI, (Agency).** Indian digital payments firm Paytm posted an operating profit for the fourth straight quarter on Friday, helped by steady loan growth at its financial services unit.

Paytm, one of the country's first startups to go public, said revenue increased 32% to 25.19 billion rupees ($300.96 million) in the second quarter, from 19.14 billion rupees a year earlier.

We're now on WhatsApp. Click to join. Operating




profit — which Paytm defines as core profit before cost of employee stock-owing plans — came in at 1.53 billion rupees for the quarter ended Sept. 30, compared with a loss of 1.66 billion rupees a year earlier. Core profit in the first quarter was 840 million rupees. The company, which has not posted a net profit since it went public in November 2021, said its consolidated net loss narrowed to 2.91 billion rupees, from 5.71 billion rupees a year ago. Paytm, which also rents out devices that verbally confirm online payments to merchants, said revenue at its core payments business rose 28%. Financial services revenue, which includes its loans business, rose 64%. Loans distributed more than doubled in value to 162.11 billion rupees. Paytm's shares closed 2% higher ahead of results on Friday. They have gained 86% so far this year, while the broader Nifty Financial Services firms has risen 3.3%.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।